» न्यूज गैलरी



## राज्य स्तरीय जैवलिन चैम्पियनशिप में कटनी के छात्रों ने दिखाया दम

**कटनी, यशभारत।** 7 अगस्त को राष्ट्रीय जेवलिन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश एथलेटिक संघ द्वारा टी टी नगर स्टेडियम भोपाल में आयोजित दूसरी राज्य स्तरीय जैवलिन चैंपियनशिप के आयोजन में कटनी एथलेटिक संघ के प्रतिभागियों को उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई। प्रतियोगिता में अडानी फाउंडेशन के अंतर्गत द्रोणा परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चो ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपनी झोली में डाले। नंदनी चौधरी प्रथम स्थान नंबर 13, कुमकुम गौतम तृतीय स्थान 16, साक्षी तिवारी तृतीय स्थान 14 व वही पुरुष वर्ग में पृथ्वी सिंह राणा 55 मीटर जेवलिन फेंक्कर चौथा स्थान प्राप्त किया। ये सभी जीतेश विश्वकर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जिले के बच्चो को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन पर जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव वीरेंद्रसिह, एनेट फ्लोरी विश्वास, फारूख अंसारी, पंचम जैन, राजू बरसैया, देवीसिह ठाकुर, मोहन नागबानी, सलमान अहमद दीपक वल्यानी ने बधाई दी है।

# विधायक ने सलैया कोहरी में लगाई चौपाल





**कटनी, यशभारत।** शाम विधायक संजय पाठक ने कैमोर मंडल के ग्राम पंचायत सलैया कोहरी में एक करोड़ से अधिक राशि के नलजल योजनाए बाउंड्री वॉल सहित अन्य कार्यों के भूमिपूजन लोकार्पण किए। इस दौरान उन्होंने ग्राम के बीच चौपाल लगाकर ग्रामीणों से ग्राम एवं क्षेत्र के विषयों को लेकर संवाद किया। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि आज विजयराघवगढ़ विकास कार्यों के मामले में सबसे आगे रहने वाली विधानसभा है। क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र विकास के लिए जो भी सोचा जो भी मांगा उसे हमारी सरकार ने पूरा किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा को तीन तीन बायपास रोड दिए है आज सलैया कोहरी में नलजल योजना का लोकार्पण हुआ है जिससे हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचने लगा है मैं गांव के आदिवासी मोहल्ले में बड़ा सामुदायिक भवन निर्माण एवं एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने को स्वीकृति दे रहा हूं। मैंने एवं हमारी सरकार ने आपकी हर तरह के कार्यों योजनाओं से सेवा की है इसलिए एक बार पुनः आपका आशीर्वाद प्राप्त करने का अधिकार है। पिछले साढ़े चार सालों में विपक्ष का कोई नेता आपके पास नहीं आया होगा जब करोना काल था तब भी हमारे ही कार्यकर्ता आपकी मदद करने आए थे। हमारी सरकार ने आपको मुफ्त अनाज का वितरण किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुधा कोलएउपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहानए मंडल अध्यक्ष अंकुर गौवर, जिला पंचायत सदस्य सुनीता पटेल, जनपद पंचायत सदस्य मिथलेश बागरीए सरपंच आरती बर्मन, मनीष मिश्रा, पप्पू शर्मा, संतोष केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**विकास पर्व के तहत 5 करोड़ की सौगातें दी, हमने विकास किया है, इसलिए जनता का आशीर्वाद हमारे साथ : संजय पाठक**



## उमरियापान में कांग्रेस ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

### संगठन प्रभारी, विधायक सहित कार्यकर्ता सम्मिलित

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस पार्टी का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें कटनी जिल के संगठन प्रभारी रमेश चौधरीए क्षेत्रीय विधायक सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए। जानकारी के अनुसार नगर के चंडी माता प्रांगण में दोपहर 1 बजे से सम्मेल का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सभी कार्यकर्ताओं के लिए स्टाल लगाकर भोजन की व्यवस्था की गई थी। 4 बजे के करीब सभी पदाधिकारी पहुंचे। मंचासीन सभी पदाधिकारियों का नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। संगठन प्रभारी रमेश चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा 2018 में मध्य प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की सरकार बनाई थी लेकिन दिल्ली में बैठी सरकार ने अथाए दौलत के दम पर हमारे विधायकों को डरा धमकाकर खरीद लिया। नहीं तो भाजपा के कई मंत्री जेलों मैं पहुंच जाते। जनता में कांग्रेस के प्रति बहुत अच्छा माहौल है बहुमत की सरकार बनाना भी तय है लेकिन सभी कार्यकर्ताओं को हर पोलिंग बूथों में कड़ी मेहनत करने की भी जरूरत है। क्योंकि बसंत सिंह जीते और आपके क्षेत्र को मंत्री मिलना तय है। वहीं विधायक विजय राघवेंद्र सिंह ने कहा सभी कार्यकर्ता अपने.अपने क्षेत्र में मेहनत से जुट जाएं समय बहुत कम बचा है। क्योंकि यह सरकार घोटालों की सरकार है और ज्यादा दिन की सरकार नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की पांच योजना महिलाओं को 1500 माह, 500 में गैस सिलेंडरए 100 यूनिट बिजली फ्री और 200 यूनिट बिजली हाफ, किसानों का कर्जा माफऔर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। सभी योजनाओं को हर कार्यकर्ता घर.घर तक पहुंचाए। इस दौरान अन्न अन्य पदाधिकारियों ने भी अपनी अपनी बात रखी। गणेश दत्त गौतम जनपद सदस्य दसरमनए चंद्रभान यादव सरपंच सागौनाए संदीप यादव सरपंच झिन्ना पिपरियाए विजय यादव और उमरियापान के आशुतोष मिश्रा सहित 30 से 40 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी को माला और कांग्रेस का दुपट्टा कहनाकर कांग्रेस मैं शामिल किया गया। इस मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान, पूर्व विधायक नितिश पटेल, गोल्डन पांडे, शिवकुमार चौरसिया, रविंद्र बाजपेई, वंशरूप चौरसिया, सुखदेव चौरसिया, सरपंच अटल ब्योहर, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मिश्रा, हरिशंकर गर्ग, परशुराम मिश्रा, जमुना प्रसाद तिवारी, प्रमिला मरावी, मथुरा प्रसाद झारिया, किशोरी चौरसिया, सिद्धार्थ दीक्षित, शैलेंद्र पौराणिक, विराट पांडे, स्वतंत्र चौरसिया, सुजीत बाजपेई, कुलदीप तिवारी, सत्तू सोनी, मंक्कू चौरसिया, मनोज चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला मोर्चा ने मनाया राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस, लगाई प्रदर्शनी

**कटनी, यशभारत।** महिला मोर्चा मुड़वारा मंडल अध्यक्ष श्रीमती हीरामणि बरसैंया के संयोजन में ओम योग केंद्र की बहनों व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बहनों के द्वारा राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया हैंडलूम हथकरघा हाथ से बनी चीजें भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक अहम हिस्सा है, जिसमें अनेकों परिवारों की कला प्रतिभा और परिश्रम जुड़ा हुआ है, साथ ही इसी कला के माध्यम से उनका परिवार भी पालता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संस्कृति कला के संरक्षण संवर्धन और विकास के लिए 7 अगस्त को राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस घोषित किया आज के युग में महिलाएं ही घर का सामान चाहे गृह सज्जा का हो स्वयं के पहनावे व श्रृंगार को रिश्तो में आदान.प्रदान कहो सभी महिला ही करती हैं। आप सभी बहने हैंडलूम दिवस पर



स्वयं स्वदेशी वस्त्र पहन कर सड़कों पर निकल कर सभी को यह कहना चाहते हैं कि हम अपने कलाकारों के द्वारा बनाई कपड़े साडियां और अन्य घरेलू सामान का उपयोग करें हाथ से बने कपड़े सुंदर एक दूसरे से अलग डिजाइन व मौसम जलवायु के अनुकूल होते हैं आज हमारी बहनों ने मध्य प्रदेश की चंदेरी साड़ी चांपा की कोसा साड़ी हथकरघा की कॉटन साड़ी सिल्क साड़ी बनारसी साड़ियां बंगाल की तांत की व बचचों ने गुजरात का लहंगा पहन कर लोगों को लोकल फॉर वोकल का संदेश दिया गरव के सड़कों पर भ्रमण किया लोगों को भी प्रोत्साहित किया प्रोत्साहित आज के कार्यक्रम में कलाकारों का सम्मान किया गया जिसके अंतर्गत हतकरधा का प्रशिक्षण देने वाले भाई का सम्मान गमछा पहना कर किया उसके पश्चात अपने हाथ से क्रोशिया के माध्यम से धागे और उनसे बहुत सुंदर वस्त्र बनाती हैं, उनका भी सम्मान दुपट्टा पहना कर नरियल भेंटकर किया गया आज के कार्य क्रम मे श्रीमती सुनीता नायक, सरिता सरावगी, आकांक्षा बरसैंया, विधी तीरथानी, रानी तीरथानी, पूनम आदि की उपस्थिति रही।

# शिविर में छात्रों का नेत्र परीक्षण, कंजक्टिवाइटिस से बचने की सलाह

**कटनी, यशभारत।** राहत समर्पण सेवा समिति विजयराघवढ़ द्वारा ममता आई केयर क्लीनिक विजयराघवगढ़ के तत्वावधान में ऑप्टोमेट्रिस्ट शारदा साहू ने निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन शासकीय उमा विद्यालय विजयराघवगढ़ में आयोजित कर सभी छात्र छात्राओं की निःशुल्क जांच कर दवा वितरित किया, साथ ही आई फ्लू जिसे कंजक्टिवाइटिस के नाम से जाना जा रहा है बहुत तेजी से फैल रही है रोज कई मरीज इसका शिकार हो रहे हैं यह एक मरीज से दूसरे मरीज में जल्दी फैलती है। आइए जानते है इसके बारे में लक्षण. आंखों में लाली आना सूजी हुई पलकें काफी मात्रा में कीचड़ आना आंखों का गड़ना प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता धुंधलापन हल्की गुलाबी आंख ज्यादा संक्रमित आंख की काली पुतली की बाजू वाली सफेद जगह कंजक्टिवा का गुलाबी होना अधिक संक्रमित होता है, यह जीवाणु संक्रमण, एलर्जी और वायरस के संक्रमण के कारण हो सकती है। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ छात्र . छात्राओं की निरूशुल्क जांच कर आई फ्लू बचाव के उपाय निजी वस्तुएं जैसे तोलिया तकिया रुमाल आई ड्रॉप टिशू कांटेक्ट लेंस मेकअप का सामान एक दूसरे से साझा करने से बचें संक्रमण होने पर बार.बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से लाएं बार.बार आंखों में हाथ ना लगाएं वह हाथ मिलाने से बचें अपने हाथों को बार.बार धोए या अच्छे से सैनिटाइज करें खासकर राहत समर्पण सेवा समिति एवं ममता आई केयर क्लीनिक के संचालक ऑप्टोमेट्रिस्ट शारदा प्रसाद साहू ने बताया बच्चों का खास ध्यान रखें लक्षण दिखाई देने काफी संख्या में इस फ्लू के मरीज आ रहेए जिस पर तुरंत अपने नेत्र परामर्श चिकित्सक से संपर्क बचाव बहुत जरूरी हैए दवा की दुकान में जाकर बिना चिकित्सीय सलाह के कोई भी ड्रॉप ना डालें। आंखों में दर्द और लाईट चकाचांदी जैसे लक्षण किसी गंभीर बीमारी के तक बढ़ जाती है। तुरंत अपने नेत्र चिकित्सक राहत समर्पण सेवा समिति के अध्यक्ष व ममता आई केयर क्लीनिक के संचालक शारदा प्रसाद साहू से परामर्श लें। जो की मॉडल रोड़ विजयराघवगढ़ में स्थित है।




## छायादार और औषधीय युक्त पौधा देकर किया सम्मानित

**कटनी, यशभारत।** जिला सत्र न्यायालय के पास स्थित झिंझरी जेल में श्रावण मास के उपलक्ष्य पर अपनी वंसुधरा को हरा.भरा बनाये रखने और प्रकृति संरक्षित करने और पर्यावरण संरक्षण बचाने व बंदी महिलाओं से संबंधित समस्याओं पर समाजसेवी व अधिवक्ता सुजीत कुमार द्विवेदी और समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने मुलाकात की और बंदी महिलाओं को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान कर उन्हे एक नई दिशा में पहचान बनाए और सामाजिक विकास व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान श्रावण मास के उपलक्ष्य पर प्राकृतिक वातावरण हमेशा हरा.भरा रखने हेतु छायादार और औषधीय युक्त पौधा भेंट कर अधिवक्ता सुजीत कुमार द्विवेदी एवं समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी द्वारा झिंझरी जेल अधीक्षक प्रभात कुमार चतुर्वेदी को सम्मानित किया। झंझरी जेल अधीक्षक प्रभात कुमार चतुर्वेदी ने ऐसे नेक कार्यों की सराहनीय प्रंशसा की और अपनी वंसुधरा को हमेशा हरा.भरा बनाए रखने का दृढ संकल्प लिया।



सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में



ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से रोजाना 3 शो
03.45 PM (AUDI-2-3D)
06.30 PM (AUDI-2-3D)
09.30 PM (AUDI-2-3D)
MEGH - 2
(THE TRENCH)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज



04 अगस्त से रोजाना 6 शो
12.00 PM (AUDI-1)
01.00 PM (AUDI-3)
03.15 PM (AUDI-1)
06.30 PM (AUDI-1)
09.45 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-3)
रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

## माँ कालीधाम कोनिया से विजयनाथधाम पहुँची विराट कांबड़ यात्रा, महानदी के जल से महादेव का हुआ अभिषेक



### भजन संध्याए भंडारा का आयोजन

कांबड़ यात्रियों के अभिनंदन में यश पाठक मित्र मंडली के तत्वाधान में विजयनाथधाम प्रांगण में विशाल भंडारे के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया था, जिसमें युवा तरुणाई यश पाठक ने सहभागिता निभाते हुए भंडारे का प्रसाद वितरण करने के साथ ही भजन संध्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम इन्द्रमणि तिवारी मोहन के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसमे उनकी राज त्रिपाठी, प्रखर दुबे, संदीप गुप्ता, अनिकेत गुप्ता, आनंद सिंह, अनचु गुप्ता, रोमी श्रीवास्तव, भैया सिंह, रामसिंह पटेल, नयन अग्रवाल, नितिनए सेट्ठी दुबे, राहुल शर्मा, आशीष गुप्ता, महेंद्र गुप्ता आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# विजयनाथधाम में कांवड़ यात्रियों के अभिनंदन में संगीत संध्या

### भगवामय हुआ बरही, बोलबम के जयकारों से गूँजता रहा समूचा क्षेत्र





बरही, यशभारत। धार्मिक नगरी विजयनाथधाम में विराजे बाबा विजयनाथ जी के दरबार मे यूँ तो हर दिन खास होता हैए लेकिन श्रावण मास का सोमवार अहम स्थान रखता है। सोमवार को बोलबम समिति बरही द्वारा विराट कांबड़ यात्रा निकाली गई। पूरे उमंग, उल्लास, भक्तिभाव के साथ भोलेभक्त बोलबम का जयकारा लगाते हुए माँ कालीधाम कोनिया से रवाना होकर विजयनाथधाम पहुँचे, जहाँ महानदी के पवित्र जल से महादेव का अभिषेक किया गया। बोलबम समिति के संयोजक राहुल राज सोनी के नेतृत्व में कांबड़ यात्रा का संचालन समाजसेवी रजनीश नामदेव ने किया वही समिति के प्रभाकर तिवारी, तीरथ पटेल, कैलाश गुप्ता, मोहित उरमलिया, रोहिणी सिंह, मनीष सोनी, मनोज सोनी, राजकुमार ताम्रकार, अमरजीत ताम्रकार, पवन नायडू का सम्पूर्ण व्यवस्था बनाने में सराहनीय योगदान रहा। कांबड़ यात्रा में शामिल हजारों भोलेभक्त भगवान विजयनाथ जी का विशाल प्रतिरूप लेकर बोलबम का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बरही भगवामय नजर आ रही थी।

### कोनियाधाम में मोहित का समर्पण

हजारों कांबड़ यात्रियों के लिए यात्रा शुभारंभ स्थल पर भोजन-प्रसाद, भंडारा की विशाल व्यवस्था युवा सुरेंद्र उरमलिया के पुत्र युवा समाजसेवी मोहित उरमलिया द्वारा की गई थी। पूरे भक्तिभाव व समर्पण के साथ मोहित ने भोलेभक्तों की सेवा की।

### जगह-जगह अभिनंदन

विराट कांबड़ यात्रा का स्वागत करने के लिए समूचे क्षेत्रवासी पूरे भक्तिभाव के साथ जगह.जगह स्वागत किया। नगर में प्रवेश करते ही बस स्टैंड, अमरपुर तिराहा, चौक बाजार में नगर परिषद अध्यक्ष व पार्षदों ने श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। कमानिया गेट में बजरंग दलए हॉस्पिटल के सामने कांग्रेस परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया।



## » न्यूज गैलरी

### एसीसी के अमेहटा प्लांट में 60 हजार की चोरी

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम अमेहटा स्थित एसीसी प्लांट में 60 हजार रूपए कीमती सामान की चोरी की वारदात प्रकाश में आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने अमेहटा स्थित एसीसी प्लांट के ओडीसी एरिया की सुरक्षा दीवार फांदकर अंदर घुसे और वहां रखे फैनसिंग तार के दो बंडल, तीन लोहे के एंगल, दो लोहे की गाटर और दो लोहे की गाटर के टुकड़े लेकर चंपत हो गए। चोरी गए सामान की कीमत 60 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने शिव मंदिर गलियारी गोरहाई रामनगर सतना हाल बाबू खां का मकान भटिया मोहल्ला कैमोर निवासी नागेन्द्र प्रसाद शर्मा पिता द्वारिका प्रसाद शर्मा की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### विषपान से गंभीर युवक व युवती की मौत

कटनी, यशभारत। विषपान करने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए गए एक युवक व एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम छोटा कछारगांव निवासी 25 वर्षीय धर्मेन्द्र पिता प्रभुदास पटेल ने अत्यधिक मात्रा में विषपान कर लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार पड़ोसी जिला पन्ना के ग्राम सिमरिया निवासी 20 वर्षीय अंकिता पिता लक्ष्मण लोधी ने पेट दर्द से परेशान होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परीजन उसे गंभीर हालत में पवई अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# मामूली विवाद पर कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की नृशंस हत्या

## पड़ोसी जिला पन्ना के रोहनिया गांव में वारदात से सनसनी



**कटनी, यशभारत।** जिला मुख्यालय से लगे पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया में कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की नृशंस हत्या किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। पति के द्धारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल पत्नी को जिला अस्पताल कटनी लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया निवासी 35 वर्षीय रेखा बर्मन का बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर पति बलिराम बर्मन से विवाद हो गया। पति-पत्नी के बीच मामूली कहा सुनी से शुरू हुए इस विवाद ने कुछ ही देर में हिंसक रूप ले लिया और गुस्से में आकर पति बलिराम ने पत्नी रेखा के सिर में कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद परिजन रेखा को बेहद गंभीर हालत में पवई अस्पताल लेकर गए। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे गहन उपचार के लिए जिला अस्पताल कटनी रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रेखा ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि रेखा बर्मन व पति बलिराम बर्मन में मामूली कहासुनी हो गई थी। जिस पर बलिराम ने कुल्हाड़ी से रेखा के सिर पर वार कर दिया। बहरहाल पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम जांच हेतु शाहनगर पुलिस को सौंप दी है। शाहनगर पुलिस ने पति बलिराम के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश में जुट गई है।

# शहर की सड़कों पर नवागत कोतवाली प्रभारी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च



**कटनी, यशभारत।** शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने, अपराधिक गतिविधियों को लगाम लगाने व सुरक्षा को लेकर देरशाम शाम नवागत कोतवाली प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, यातायात प्रभारी राहुल पांडेय पुलिस बल के साथ शहर की सड़कों पर निकले और पैदल मार्च किया। पुलिस ने सुभाष चौक, मेन रोड, स्टेशन चौराहा, बरही रोड, खिरहनी फाटक, गर्ग चौराहा, घंटाघर, सराफा बाजार, गांधीद्वार, कचहरी तिराहा, एसबीआइ चौराहा आदि का पैदल मार्च किया। खिरहनी फाटक में भ्रमण के दौरान नवागत कोतवाली प्रभारी ने दो टूक कहा कि नशे का कारोबार करते पाए जाने पर ठोस कार्रवाई होगी। वाहन चालकों को नियमों का पालन करने, दुकानदारों को अपनी हद में दुकान लगाने आदि की समझाइश दी। टीआइ ने स्टॉफ को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने कहा। पुलिस बल जब पैदल मार्च करते हुए स्मैक प्रभावित क्षेत्र खिरहनी फाटक पहुंचा तो वहां के रहवासियों ने टीआई को जानकारी दी कि क्षेत्र में कुछ लोग स्मैक बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं। टीआइ ने कहा कि सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। यहां पर स्मैक, गांजा खरीदने पहुंचने वालों पर भी नजर रखी जाएगी।

# एक्सरे रूम के बाहर लगे एसी यूनिट में भड़की आग

## जिला चिकित्सालय में तीसरी घटना से मचा हड़कंप



**कटनी, यशभारत।** जिला अस्पताल में बुधवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब यह खबर फैली कि एक्सरे रूम के पीछे आग लग गई है। खबर सुनते ही आसपास के लोगों ने भागना शुरू कर दिया। स्टॉफ में भी भागम-भाग की स्थिति बन गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्परता दिखाई और अग्निशमन यंत्र का उपयोग करते हुए आग पर काबू पाया। एक सप्ताह के अंदर दूसरी आगजनी की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल परिसर के एक्सरे रूम में बुधवार की दोपहर एक्सरे रूम में लगे एसी के आउटर यूनिट में एकदम से शॉर्ट सर्किट हुई और तेज धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग भड़क गई। आग लगने का शोर-शराबा सुनते ही लोगों में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्परता दिखाई और तत्काल आग पर काबू पाने के प्रयास करते हुए समय रहते आग को बुझा दिया गया। गौरतलब है कि इसके पूर्व 20 फरवरी की रात जिला अस्पताल के 150 बिस्तर वाली बिल्डिंग के प्रसव कक्ष में भीषण आग लग गई थी। भगदड़ मचने के साथ ही सैकड़ों मरीजों व परिजनों की जान पर बन आई थी। नर्सिंग ऑफिसर व स्टॉफ की मुस्तैदी से बड़ा हादसा होते टल गया था। गंभीर घटना में जांच में दोषियों पर कोई कार्रवाई आजतक नहीं हुई। इसके बाद 4 अगस्त को जिला अस्पताल में लगे जनरेटर में आग भड़क गई, जिससे हड़कंप मच गया था। वहीं बुधवार को फिर आगजनी का मामला सामने आया। लगातार हो रही घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था सहित सीएस की निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि अस्पताल परिसर के बाहर जो यूनिट हैं तो बारिश के कारण समस्याएं जा रही हैं, इस पर प्रयास किया जाएगा कि ऐसी स्थिति न हो। आग लगने की सूचना पर तत्काल काबू पा लिया गया था। एसी का कनेक्शन अलग करते हुए सेवाएं बहाल की जाएंगी। एक-एक एरिया में इलेक्ट्रीशियन को इंचार्ज बनाया जाएगा ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।



स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्परता दिखाई और समय रहते बुझा दी आग

# भरी बरसात गली-मोहल्ले में आफत बनी सीवर लाइन की खुदाई

## रोज लोग गिर कर हो रहे घायलए मकानों के सामने बन गया कचरा घर

**कटनी, यशभारत।** शहर के विभिन्न स्थानों में इन दिनों सड़क पर खुदी हुई सीवर लाइन के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना प? रहा है। रहवासियों ने बताया कि रहवासियों की शिकायत के बाद भी मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे रहवासी इस बारिश के मौसम में परेशान हो रहे हैं। इसके बाद भी उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के कुठला माधवनगर नगर सहित अन्य क्षेत्रों में खुदाई कर पाइप डालने तक कार्य किया और जेसीबी से सिर्फ मिट्टी से ढक दिया। अब बारिश में लोग परेशान हो रहे हैं। मोहल्ले वासियों ने बताया कि सीवर लाइन बनाने वाली एजेंसी द्वारा गलत तरीके कार्य किया जाता है। अधिकांश कार्य रात में होता है। जरा सी बारिश से पूरा मोहल्ला परेशान हो गया। बारिश के समय में कॉलोनीवासियों क्या हाल होगा यह जरा सी बारिश ही बता रही है। शहर के विभिन्न इलाकों में सीवर लाइन से परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शहर की कई कॉलोनियों में सीवर लाइन खुदाई के बाद कॉलोनियों की सड़कों की हालत खराब है। स्थानीय लोगों ने सड़क में सुधार की मांग कर रहे हैंएलेकिन सुधार नहीं हो पा रहा है। कॉलोनी में सीवर लाइन बिछाने वालों ने सड़क खोद दी थी। रोड पर जेसीबी से सड़क की खुदाई कर सीवर लाइन बिछाई गई। लेकिन रोड की मरम्मत करवाना भूल गए। मरम्मत करवाई भी तो नागरिक उससे संतुष्ट नहीं हैं। वार्डों में उखड़ी पड़ी सड़कों से न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि कई स्थानों पर जल भराव की समस्या भी पैदा होने लगी है। रोड पर हुए गड्ढे बाइक सवारों के लिए मुसीबत बने हुए हैं तो रात के वक्त अनजान व्यक्ति का मोहल्लों से निकलना दूभर हो जाता है।

# शहर कांग्रेस की जम्बोजेट टीम घोषित, 30 उपाध्यक्ष, 38 महामंत्री एवं 38 सचिव शामिल

## अगस्त क्रांति दिवस एवं आदिवासी दिवस पर नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम



**कटनी, यशभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी है। कार्यकारिणी में 30 उपाध्यक्ष, 38 महामंत्री एवं 38 सचिव सहित प्रवक्ता एवं कोषाध्यक्ष शामिल है। कार्यकारिणी में सभी वर्गों के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

कार्यकारिणी में जिला कोषाध्यक्ष प्रेम बत्रा, प्रवक्ता श्रेहा खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारीलाल स्वर्णकार, गोपी विश्वकर्मा, वरिष्ट महामंत्री रमजान भारती, उपाध्यक्ष गोविंद सचदेवा, शिवकुमार जालिम यादव, देवीदास तुलस्यानी, मंजू निषाद, मीनाक्षी बलवी, रश्मि अग्रवाल, भूपेश जायसवाल, अमित शुक्ला, तुलाराम गौंटिया, आफ्ताब अहमद चोखे भाई, ललित लल्लू सोनी, नासिर खान, श्याम पाहुजा, राजमणि तिवारी, सुधीर पटेल, संतोष सेन, विजय मंगल चौधरी, अजय कछवाहा, राजू खटीक, देवीदीन गुप्ता, वसीम खान, जगदीश निषाद, जितेंद्र गुप्ता, विनोद डेंगरे, जिला महामंत्री रजनी सोनी, जयरामदास गुरनानी, दुर्गावती कोल, विनय सोनू पांडेय, ईश्वरी गुप्ता, संजय सिंह गोरा, रुक्मणि पांडे, कमलेश चौधरी, विनोद छिरोलिया, ओमप्रकाश कुशवाहा, गया प्रसाद तौहेल, विनीत जायसवाल, जय अज्जू सोनी, जॉर्ज डेविड, संदीप यादव, कपिल रजक, लता खरे, सागर वर्मा, सुखवीर सिंह गरचा, दानिश अहमद, चिंतन सिंह, अजय कुमार गौंटिया, राजेंद्र सिंह बघेल, अशोक लालजी त्रिपाठी, इस्तियाक अहमद उपकार, राजकुमार विश्वकर्मा, शेखर भारद्वाज, राजेश श्रीवास्तव, गगन तिवारी, विजय चांदवानी, सचिव श्वेता कटारे, जितेंद्र बड़गैयां, रवि मंगलानी, रत्ना यादव, राकेश विश्वकर्मा, अर्चना जायसवाल, सुमन सैनी, राजेंद्र कुशवाहा, रमेश अहिरवार, सुनील श्रीवास, कमलेश सेन, ओमप्रकाश बर्मन, श्रीचंद मनवानी, साजिद अली, अहमद कुरैशी, इकबाल मंसूरी, नईम खान, सुरेश लालवानी, ओमप्रकाश यादव, मंगल सिंह, शकील सैयद, महेश रोचलानी, शेख शब्बीर, पुष्पराज सिंह, अनिल सिंह, अशोक बहरानी, सुशील जायसवाल, मीतेश खन्ना, दिनेश बिलैया, मोहन निषाद, पंकज सोनी, झम्मटमल ठारवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रशांत जायसवाल, विनय निगम, अजय जैसवानी, उपाध्यक्ष नागेश शर्मा, श्रीमति शशि यादव, सुरेंद्र मोहन मिश्रा, नीरज शुक्ला, दिग्विजय सिंह, पार्थ समाधिया, ओमप्रकाश सकतेल महामंत्री, संजय गुप्ता, श्रीमति रूपा पाठक, राकेश विश्वकर्मा, नईम खान, विनोद श्रीवास, महेश रोचलानी, प्रणव एंड्रूज, पुष्पराज सिंह, नरेश श्रीवास, मुकेश मिश्रा सचिव मनोनीत किए गए।

अगस्त क्रांति व आदिवासी दिवस पर शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया ने जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। समारोह का आयोजन प्रदेश महामंत्री एवं जिला प्रभारी रमेश चौधरी के मुख्यातिथ्य एवं शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री प्रियदर्शन गौड़, पूर्व विधायक सुनील मिश्रा, पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्रा, राजकुमारी जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मिथलेश जैन, राकेश जैन, मनु दीक्षित, रौनक खंडेलवाल, हरीशंकर शुक्ला, मोहन बत्रा, इंटक अध्यक्ष बृजमोहन तिवारी, संदीप बाजपेयी, राजा जगवानी, कमल पांडे, अध्यक्ष रजनी वर्मा, शुभम मिश्रा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी कमलनाथ के हाथ मजबूत करें

मुख्य अतिथि रमेश चौधरी ने कहा कि आगत विधानसभा चुनावों में जनता ने कांग्रेस को विजयी बनाने का मन बना लिया है। अब हम कांग्रेस जनों की जवाबदारी है कि हम जनता की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए कमलनाथ जी के हाथ मजबूत करें। शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया ने कहा कि कार्यकर्त्ता ही कांग्रेस की शक्ति है एवं कार्यकर्ता के दम पर ही कांग्रेस प्रदेश की सत्ता पर पदारूढ होगी। ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस मिलकर जिले की चारों विधानसभाओ में कांग्रेस का परचम लहराएगी। संचालन मारूफ अहमद हनफी व प्रवक्ता श्रेहा खंडेलवाल ने किया।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

# तीन दिवसीय अंडर 15 चेस चैंपियनशिप 12 अगस्त से





**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश अंडर-15 आयु वर्ग के बालकों की शतरंज स्पर्धा की मेजबानी जिला शतरंज संघ द्वारा की जा रही हैए जो कि मंगलम मनोर में 12 अगस्त से शुरू होने जा रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिले के शीर्ष दो खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। इस तरह एक सौ से अधिक प्रतिभाशाली जूनियर मास्टर की चालों का हुनर देखने को मिलेगा। उक्त जानकारी मंगलम मनोर में जिला शतरंज संघ की एक प्रेस वार्ता में दी गई। संरक्षक डॉण् एसके खम्परियाए डीसीए के अध्यक्ष जेपी निषाद ने बताया कि 12 से 14 अगस्त को आयोजित होने वाली स्पर्धा में विजेता मास्टर को 25 हजार रुपए पुरस्कार का अवार्ड व ट्राफी दी जाएगी। प्रदेश स्तरीय अंडर-15 आयु वर्ग की बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित होने वाली शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मास्टर्स खिलाड़ियों के टूर्नामेंट स्थल के साथ ही उनके ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान अध्यक्ष जमुना प्रसाद, खेल निदेशक शशि निषाद, प्रदीप पुरवार, श्याम निषाद, मोनिका निषाद, वंदना गेलानी आदि की उपस्थिति रही।

mgm NURSING
प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी
जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांउसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल युनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )


सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से रोजाना 3 शो
03.45 PM (AUDI-2-3D)
06.30 PM (AUDI-2-3D)
09.30 PM (AUDI-2-3D)
MEGH - 2 (THE TRENCH)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830



सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
04 अगस्त से रोजाना 6 शो
12.00 PM (AUDI-1)
01.00 PM (AUDI-3)
03.15 PM (AUDI-1)
06.30 PM (AUDI-1)
09.45 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-3)
रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830




सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
11 अगस्त से रोजाना 2 शो
12.00 PM (AUDI-1-2D)
09.45 PM (AUDI-2D)
नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9.15 बजे से रहेगा (ऑडी-1 में)
ओएमजी-2
कलाकार- अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी, यामी गौतम, अरूण गोविल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
11 अगस्त से रोजाना 6 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-1)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)
नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा (ऑडी-2 में)
गदर-2
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
11 अगस्त से रोजाना 3 शो 11.45, 3 एवं सायं 6 बजे से
नोट- 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्पेशल शो सुबह 9 बजे से रहेगा
गदर-2
कलाकार- सनी देओल, अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास-100/-
बॉक्स -100/- अपर क्लास 80/-



# जनसुनवाई में समस्याएं लेकर पहुंचे लोग

## 117 आवेदनों पर हुई सुनवाई, विभागीय अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने दूरदराज से पहुंचे लोगों के आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी एवं राकेश चौरसिया द्वारा भी जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 117 आवेदकों ने आवेदन दिए।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जिला पंचायत, नगर निगम, जिला शिक्षा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, श्रम अधिकारी, संस्थागत वित्त, सामाजिक न्याय विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में जनपद पंचायत कटनी ग्राम पड़रिया निवासी यशोदा बाई चौधरी के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ न मिलने के संबध में प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर जनपद पंचायत के सी.ई.ओ को प्रकरण पर कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्रेषित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ प्रदान किये जाने के ईश्वरी पुरा वार्ड निवासी



शेख मोहम्मद के एक अन्य प्रकरण में सुनवाई की जाकर आयुक्त नगर निगम कटनी को आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

हीरापुर कौंडिया निवासी संजय कुमार द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि वह 5 एकड भूमि से कम का कर्षक होने के कारण किसान सम्मान निधि की पात्रता रखता है। पूर्व में सात किस्त प्राप्त हो चुकी है किन्तु लेंण्ड सीडिंग दर्शित होने के कारण आठवी किस्त नहीं मिल पर रही है जिस पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार स्लीमनाबाद को बैंक सीडिंग की कार्यवाही पूर्ण करानें हेतु निर्देशित किया गया। करौंदी खुर्द तहसील बरही निवासी रामसुजान साहू द्वारा पुत्रों का अधार कार्ड न बनने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए जिला ई गवर्नेंस अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत कटनी ग्राम पटवारा निवासी रामजी पटेल द्वारा नक्शा बटांकन किये जाने संबंधी आवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी कटनी की ओर उचित कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्रेषित किया गया।

तहसील ढीमरखेड़ा ग्राम पहरूआ निवासी सन्जो बाई एवं मनीषा बाई कोल द्वारा जल संसाधन विभाग ढीमरखेड़ा में बांध की भूमि पर सन्तोष सिंह द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर खेती करने की शिकायत पर तहसीलदार ढीमरखेड़ा को प्रकरण पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, नगर निगम कार्यपालन सहायक यंत्री सुनील सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।



# जिला रेडक्रॉस सोसायटी को मिला शव वाहन

**कटनी, यशभारत।** इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड कटनी परियोजना यूनिट के मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश साहू द्वारा सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर एवं रेडक्रास सोसायटी कटनी के अध्यक्ष अवि प्रसाद को शव वाहन की चाबी सौंपी गई। इस दौरान इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, वित्त महाप्रबंधक नागेन्द्र जोशी उपमहाप्रबंधक समीत कुमार सहित रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ यशवंत वर्मा, वाईस चेयरमैन लाल जी शर्मा ,डॉ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही। मुख्य प्रबंधक इरकान अखिलेश साहू ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर इरकान इंटरनेशनल द्वारा यह शव वाहन आज जिला रेडक्रॉस समिति को उपलब्ध कराया गया है। जिला चिकित्सालय में शव वाहन की इस लंबित मांग के पूर्ण होने पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद को कटनी की जनता की सेवा का अवसर प्रदान करने पर महाप्रबंधक श्री साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस समिति अवि प्रसाद द्वारा विगत जनवरी माह में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के महाप्रबंधक अखिलेश साहू को सी.एस.आर के तहत जिला रेडक्रॉस समिति को एक शव वाहन उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित किया गया था। कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रेषित पत्र में जिला चिकित्सालय सर्वाधिक बड़ा व व्यस्ततम चिकित्सा सुविधा प्रदाय केन्द्र का उल्लेख करते हुए कटनी जिले सहित पडोसी जिले जैसे उमरिया, पन्ना व सतना क्षेत्रों के सभी रोगी गंभीर बीमारियों के उपचार कराने हेतु आनें का का लेख कर मरीजों की आकस्मिक मृत्यु होने के पश्चात शव को वापस निवास तक पहुँचाने हेतु जिला चिकित्सालय के पास शव वाहन नहीं होने का लेख किया गया था।

# झिंझरी पुलिस ग्राउण्ड में मनेगी आजादी की सालगिरह, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पुलिस लाइन ग्राउण्ड झिंझरी कटनी में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान माननीय मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा स्वतंत्रता दिवस की आवश्यक तैयारियों हेतु अधिकारियों को दायित्व सौपे गए है। स्वतंत्रता दिवस के अवसार पर कलेक्ट्रेट कार्यालय मे प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय पर्व पर ध्वज फ्हराने हेतु ध्वज की उपलब्धता एवं ध्वज संहिता के नियमानुसार ध्वजारोहण हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने का दायित्व जिला नाजिर शाखा के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार समस्त विभाग प्रमुखों को प्रातः 8 बजे अपने कार्यालयों में ध्वज फहराने की कार्यवही कर अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ मुख्य कार्यक्रम समारोह स्थल पुलिस लाईन ग्राउण्ड पहुंचनें का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय अशासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर 14 एवं 15 अगस्त 2023 को रोशनी की व्यवस्था करनें के निर्देश समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए है। स्वतंत्रता दिवस पर परंपरागत तरीके से जिन स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम होता आया है उन स्थानों, सार्वजनिक मार्गो, चौराहों, जय स्तंभ, कचहरी चौक, सुभाष चौक, मिशन चौक इत्यादि की साफ-सफाई की कार्यवाही एवं स्थलों की सूची उपलब्ध कराने हेतु आयुक्त नगर निगम कटनी, पुलिस ग्राउण्ड के समतलीकरण, परेड कार्यक्रम के लिए चूने की लाईन, परेड कमाण्डर के लिए अण्डर ग्राउण्ड माइक, ध्वज दण्ड की साफ-सफाई आदि व्यवस्था हेतु अति पुलिस अधीक्षक एवं रक्षित निरीक्षक के निर्देशन में आयुक्त नगर निगम के

### अपर कलेक्टर ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी, सौंपे दायित्व

माध्यम से करानें के साथ ही झंडे की गांठ बांधने हेतु अनुभवी व्यक्ति की व्यवस्था हेतु आयुक्त नगर निगम एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस को निर्देशित किया गया है। जबकि समारोह स्थल पुलिस लाईन ग्राउण्ड पर प्रारंभ से कार्यक्रम समाप्ति तक विद्युत व्यवस्था का दायित्व अधीक्षण यंत्री मध्य प्रदेश रा विद्युत मंडल को प्रदाय किया गया है। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीशों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरूओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, पत्रकारों सहित शाकसीय अधिकारियों कर्मचारियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए है। इस हेतु मॉनीटरिंग अधिकारी नियुक्त किये जाकर आमंत्रण कार्ड वितरण हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कराने पृथक - पृथक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए है। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पुलिस लाईन झिंझरी में मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक गुब्बारों का उडायन हेतु पर्याप्त गुब्बारों की व्यवस्था करने हेतु तहसीलदार कटनी की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य अतिथि द्वारा शल्ड पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र के वितरण हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों तथा अन्य संस्थानों को सूची अनुसार विभागवार पंतीबद्ध करानें का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व संध्याकालीन कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों प्रथम द्वितीय व अन्य को पुरस्कर के रूप में शील्ड की व्यवस्था का दयित्व जिला आबकारी अधिकारी एवं तहसीलदार नगर एवं ग्रामीण कटनी को सौपा गया है। ध्वजारोहण के पूर्व ध्वज संहिता नियमों के तहत पूर्व से ध्वज का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर निगम, तहसीलदार कटनी नगर एवं ग्रामीण, रक्षित निरीक्षक सहित कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू विभाग को सौंपा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर परेड के अंतिम रिहर्सल दिवस 13 अगस्त व मुख्य कार्यक्रम समाप्ति तक उपचार सामग्री सहित एक डाक्टर, एम्बुलेंस तथा पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मियों मय दवाईयों सहित निर्धारित समय एवं स्थानों पर उपलब्ध करानें का दायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया है। इस अवसर पर जेल मेन्युवल के प्रावधानों के अनुरूप बंदियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने एवं विशिष्ट भोजन की व्यवस्था हेतु अधीक्षक उप जेल झिंझरी को निर्देशित किया गया है।

# आर्थिक कमजोरी नहीं बनेगी प्रतिभावान युवाओं के स्वर्णिम भविष्य की राह में रोड़ा

## कलेक्टर की अभिनव पहल, सादे कार्यक्रम के साथ शुरू हुई भारत निर्माण कोचिंग





**कटनी, यशभारत।** आर्थिक कमजोरी या अन्य बाधाएं जिले के किसी भी प्रतिभावान युवा के स्वर्णिम भविष्य की राह में रोड़ा न बने, इसके लिए कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद की विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्माण कोचिंग प्रारंभ की गई है। जिसका आज सोमवार की शाम 5 बजे स्थानीय केसीएस कन्या विद्यालय परिसर स्थित हॉल में विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अतिथि गणों के रूप में शासकीय तिलक महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ चित्रा प्रभात, रेंज ऑफिसर वन विभाग द्वय डा गौरव सक्सेना, विवेक जैन, शिक्षाविद मोहन नागवानी, कोचिंग प्रबंधक विवेक दुबे, केसीएस विद्यालय प्राचार्य सुमनलता सोलंकी, कंचन बनाफर, हिमांशु पांडे, अस्मिता नायक, शुभम तिवारी आदि की मौजूदगी रही। अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर निशुल्क कोचिंग का विधिवत शुभारंभ किया गया।

### कोचिंग के संबंध में दी गई जानकारी

कोचिंग प्रबंधक विवेक दुबे ने भारत निर्माण कोचिंग प्रारंभ करने के पीछे जिला प्रशासन और कलेक्टर श्री प्रसाद की पवित्र मंशा के बारे में उपस्थित युवाओं को जानकारी दी। साथ ही कोचिंग की समयावधि, शिक्षको और नियम कायदों के बारे में विस्तार से बताया। युवा इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं और पूर्ण मनोयोग और लगन से तैयारी करें जिससे वे अपना मनचाहा मुकाम हासिल कर सकें। अन्य अतिथि गणों ने विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया तथा सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे युवा

आज से प्रारंभ हुई भारत निर्माण कोचिंग के माध्यम से युवाओं को यूपीएससी, एसएससी, एमपीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की निः शुल्क तैयारी करने का स्वर्णिम अवसर मिल रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर शुरू कराई गई इस कोचिंग में प्रतिदिन सोमवार से शनिवार तक शाम 5 बजे से 7 बजे तक एक-एक घंटे की दो कक्षाएं संचालित होंगी। जबकि रविवार को अवकाश रहेगा।

### सौ से अधिक युवाओं ने कराया पंजीयन

स्नातक के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों सहित स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करीब 100 से अधिक अभ्यर्थी अब तक कोचिंग के लिए अपना पंजीयन करा चुके हैं, जो कोचिंग में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रतिदिन अध्यापन सुविधा का लाभ उठाएंगे। साथ ही नोट्स, लाइब्रेरी, मासिक टेस्ट की सुविधा के साथ साथ आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथियों एवम् आवेदन भरने की जानकारी भी उन्हें कोचिंग के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

# सफाई मित्रों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने की कामगार आयोग के अध्यक्ष से भेंट

**कटनी, यशभारत।** सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) प्रताप करोसिया और आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव से नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों के सात संगठनों के प्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट की। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के सभागार में सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया, आयुक्त भरत यादव और समस्त प्रतिनिधियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रतिनिधियों ने श्री करोसिया के संरक्षण में स्वच्छ भारत मिशन सफाई मित्र संगठन (मोर्चा) का गठन किया। इस संगठन में अध्यक्ष के अतिरिक्त 11 प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। यह मोर्चा सफाई मित्रों के संगठनों के मातृसंगठन के रूप में कार्य करेगा। प्रतिनिधियों ने मोर्चे का स्वागत करते हुए अपनी नौ सूत्रीय मॉगों पर आधारित ज्ञापन श्री करोसिया और श्री यादव को सौंपा। आयुक्त भरत यादव ने संगठनों के प्रतिनिधियों की बातों और सुझावों को गौर से सुना। श्री करोसिया और श्री यादव ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया की मॉगों पर विचार विमर्श कर यथासंभव समस्याओं का निरारकरण किया जायेगा। इसके लिए शासन और संचालनालय स्तर पर पूरे प्रयास किए जायेंगें। इस अवसर पर भारतीय सफाई मजदूर संघ से हीरा रानवे और अमर मेहते, श्रमजीवी कर्मचारी संघ से नीरज वाल्मिकी, सुदर्शन समाज महासंघ से विष्णु भारती, श्रीमती पार्वती ताम्या, वाल्मिकी सेवा संगठन से श्रीमती मधू वाल्मिकी, वाल्मिकी संघ ट्रेड यूनियन से घनश्याम चंदेले, महेश तोमर, नगर निगम कर्मचारी यूनियन से लीलाधर करोसिया और अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा के ओ.पी. गोदिया शामिल रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन सफाई मित्र संगठन (मोर्चा) हुआ गठित



# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मतदाता जागरूकता वाहन

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने जिले की विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे। यह जागरूकता वाहन विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाने के हेतु रवाना किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने इस अवसर पर बताया कि जागरूकता वाहन जिले के समस्त विकासखंडों एवं तहसील स्तर के प्रत्येक मतदान केंद्रों के साथ भीड़ - भाड़ वाले क्षेत्रों, हाट-बाज़ार, स्कूल एवं कॉलेज आदि में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। सभी जागरूकता वाहनों पर एलईडी लगाई गई है, जिस पर मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक फिल्मों का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक कर मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसी के साथ मतदाता जागरूकता वाहनों पर ईवीएम एवं वी.वी.पेट का भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया सुलभ रूप से दी जायेगी। मतदाता जागरूकता के साथ इन वाहनों का उद्देश्य से 31 अगस्त तक चलने वाले द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 अंतर्गत मतदाताओं से अपील कर कहा जाएगा कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है। साथ ही जो मतदाता 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने आवेदन कर सकते है।

# सुरक्षित आवागमन को लेकर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत

## पूरा गया जर्जर कुआं, बनाई गई दीवार, शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर कलेक्टर ने कराई प्रभावी कार्यवाही







**कटनी, यशभारत।** बारिश के मद्देनजर सुरक्षित आवागमन और आम जनमानस के लिए खतरनाक साबित हो सकने वाले गड्ढों और जर्जर जलस्रोतों में सुधार हेतु कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देशित किया है की इस प्रकार की शिकायतें सामने आने पर इनका अविलंब निराकरण किया जाए और ऐसे कार्यों के प्रति लापरवाही न बरती जाए।

### कुंए को कराया गया समतल

बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भुडसा के वार्ड क्रमांक 3 में सड़क के किनारे स्थित जर्जर कुंए की वजह से कभी भी हादसा घटित होने की आशंका के मद्देनजर उचित कार्यवाही किए जाने के संबंध में कलेक्टर श्री प्रसाद के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा को उचित कार्यवाही किए जाने निर्देश दिए गए। निर्देश के परिपालन में सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा द्वारा उपयंत्री पूजा नगर से संबंधित क्षेत्र का मौका मुआयना कराकर कार्यवाही कराई गई। जिसमें क्षतिग्रस्त कुंए को पूरकर समतल कर दिया गया है, जिससे कोई हादसा घटित न हो सके।

### बनवाई गई अस्थाई रिटर्निंग वॉल

ग्राम दादर, सिहुंडी और दैगवां को जाने वाली सड़क पर बनी रिटर्निंग वॉल के अत्यधिक बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सुरक्षित आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी के संबंध में शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी जांच कर कार्यवाही कराए जाने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए। कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त सड़क का मौका निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि रामपुर, समौना, कोठी, बीजापूरी मार्ग के किलोमीटर 10/2 में रिटर्निंग वॉल अत्यधिक बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त होकर पलट गई थी। अस्थायी रूप से सीसी मार्ग के आधे भाग में पत्थर की वॉल बना दी गई है। स्थाई रूप से सुधार करने की कार्यवाही की जा रही है।

### बारिश के कारण सड़क की कराई मरम्मत

ग्राम पिपरिया सहलावन में बारिश की वजह से सड़क धसकने के कारण लोगों को आवागमन में हो रही असुविधा के संबंध में शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी जांच कर कार्यवाही करने संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया था। निर्देश के परिपालन में कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 4 सिहोरा जबलपुर द्वारा जांच कराई गई। जिसमें पाया गया कि ग्राम डूंडी तिराहे से पिपरिया सहलावन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में ढीमरखेड़ा उद्वहन सिंचाई योजना की अंडरग्राउंड पाइप लाइन डाली गई थी। लाइन डालने के बाद कांक्रीट कार्य करा दिया गया था, लेकिन अति वर्षा के कारण पाइप लाइन के ऊपर रोड सेटल डाउन हो गई थी। रोड को पुनः सीमेंट कांक्रीट द्वारा रिपेयर कर दिया गया है।

### कृषि भूमि में बने गड्ढे पर लगाया जाएगा टी बॉल्व

ग्राम पिपरिया सहलावन ढीमरखेड़ा निवासी बलीराम साहू की कृषि भूमि में पाइप लाइन बिछाने नर्मदा विकास संभाग द्वारा खोदे गए गड्ढे के कारण किसानों को होने वाली असुविधा के संबंध में शिकायत कलेक्टर श्री प्रसाद के सामने आने पर उन्होंने तत्सम्बंध में शिकायत के निराकरण के लिए विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया। निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा कराई गई जांच में पाया गया की उक्त किसान की कृषि भूमि सहित अन्य किसानों की कृषि भूमि पर उद्धवहन सिंचाई हेतु पाइप लाइन डाली गई थी, उस पाइप लाइन में बलिराम साहू की कृषि भूमि पर एक टी वॉल्ब लगाया जाना है। जिसे वर्षाकाल बाद लगाया जाना है। जिस पर किसान द्वारा सहमति दे दी गई है।

